Bareilly, Thursday, 19 March 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO : 03 MIDDLE

SRMS इंजी. कॉलेज में हुआ कैंपस प्लेसमेंट

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 March): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, के ट्रेनिंग डेवलेपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में हाईक एजुकेशन द्वारा बीटेक, एमबीए एवं एमसीए 2026 बैच के विद्यार्थियों हेतु कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया. इस प्लेसमेंट ड्राइव में श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इन्जीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च, बरेली के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया. कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. अनुज कुमार, निदेशक- ट्रेनिंग डेवलवमेंट एंड प्लेसमेंट, ने कम्पनी से आये प्रतिनिधि तुषार सक्सेना का स्वागत किया. कंपनी के एचआर ने कंपनी का प्रजेनटेशन प्रस्तुत किया. जिसमें उन्होंने अभ्यर्थियों को कम्पनी के बारे में बताया तथा छात्र- छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया. बीटेक, एमबीए एवं एमसीए के विद्यार्थियों का गुरप डिस्कशन हुआ जिसमें 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिसमें से 05 विद्यार्थी अगले राउण्ड के लिए शार्टलिस्टिड किये गये. कंपनी के प्रतिनिधि तुषार सक्सेना ने संस्थान में उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक संसाधनों एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रयासों की सराहना की.